# लेके तेरा नाम खाटू वाले श्याम | By Divakar Bhatia

सांवरिया सरकार हमारे खाटू वाले श्याम
तीन बाणधारी कहलाते महिमा तुमरी महान

जय श्री श्याम, जय श्री श्याम
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम

लेके तेरा नाम खाटू वाले श्याम
आये तेरे धाम बनते बिगड़े काम
लेके तेरा नाम ..........

करते हैं सब आपको वन्दन
भक्तों के काटो सब बंधन
दो भक्ति का दो मुक्ति का दान
तुम हो सब में महान
लेके तेरा नाम ..........

हारे के सहारे तुम हो
कलयुग के अवतारी तुम हो
करते तेरा ध्यान
तुम हो सब में महान
लेके तेरा नाम ..........

माखन मिश्री भोग लगावे
पान सुपारी पुष्प चढ़ावे
बाबा तेरी अजब निराली शान
तुम हो सब में महान
लेके तेरा नाम ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d/